पश्चिम रेलवे द्वारा दशहरा एवं दीपावली पर विशेष गाड़ियां चलाई जाएगी

मुंबई। आगामी दशहरा एवं दीपावली त्योहारों के दौरान पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ के सुचारू समायोजन हेतु विभिन्न गंतव्यों के लिए 8 जोड़ी त्योहार विशेष ट्रेनों की 240 सेवाओं के परिचालन का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न गंतव्यों के लिए 8 जोड़ी त्योहार विशेष ट्रेनें चलाई जायेंगी। इन 8 जोड़ी विशेष ट्रेनों में से छह जोड़ी ट्रेनें मुंबई से और एक जोड़ी इंदौर से चलेंगी, जबकि एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन पश्चिम रेलवे से गुज़रते हुए वसई रोड, सूरत, वडोदरा और रतलाम स्टेशनों पर रुकेगी। इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है : –

1). ट्रेन सं. 02989/02990 दादर – अजमेर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (त्रि- साप्ताहिक) {36 फेरे}

ट्रेन सं. 02989 दादर-अजमेर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन दादर से प्रत्येक गुरुवार, शनिवार एवं सोमवार को 14.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.15 बजे अजमेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में ट्रेन सं. 02990 अजमेर-दादर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन अजमेर से प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को 19.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 12.40 बजे दादर पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में बोरीवली, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, नडियाड, अहमदाबाद, महेसाणा, ऊंझा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़ जं., सोजत रोड एवं ब्यावर स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में एसी II टियर, एसी III टियर, शयनयान तथा द्वितीय श्रेणी सीटिंग के डिब्बे होंगे।

2). ट्रेन सं. 09707/09708 बांद्रा टर्मिनस-श्री गंगानगर विशेष ट्रेन (प्रतिदिन) {84 फेरे}

ट्रेन सं. 09707 बांद्रा टर्मिनस-श्री गंगानगर विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से 20.55 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 07.30 बजे श्री गंगानगर पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 अक्टूबर से 2 दिसम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में ट्रेन सं. 09708 श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन श्री गंगानगर से 21.40 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 06.35 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 20 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में अंधेरी, बोरीवली, डहानु रोड, वापी, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, साबरमती बीजी, कलोल, महेसाणा जं., ऊंझा, सिद्धपुर, छापी, पालनपुर, आबू रोड, स्वरूपगंज, पिंडवाड़ा, नाना, जवाई बांध, फालना, रानी, सोमेसर, मारवाड़ जं., सोजत रोड, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, नरैना, फुलेरा जं., आसलपुर जोबनेर, जयपुर, गोविंदगढ़ मालिकपुर, रिंगस जं., सीकर जं., लक्ष्मणगढ़ सीकर, फतेहपुर शेखावाटी, चुरू, सादुलपुर जं., तहसील भद्रा, नोहर, इलेनाबाद, हनुमानगढ़ टाउन, हनुमानगढ़ जं. एवं सादुलशहर स्टेशनों पर ठहरेगी।

इस ट्रेन में एसी II टियर, एसी III टियर, शयनयान तथा द्वितीय श्रेणी सीटिंग के डिब्बे होंगे।

3). ट्रेन सं. 04182/04181 बांद्रा टर्मिनस-झांसी साप्ताहिक विशेष ट्रेन (12 फेरे)

ट्रेन सं. 04182 बांद्रा टर्मिनस-झांसी साप्ताहिक विशेष ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.15 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को 01.40 बजे झांसी पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 अक्टूबर से 27 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में ट्रेन सं. 04181 झांसी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को झांसी से 16.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.05 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 अक्टूबर से 26 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा रायगढ़, चचौरा बंगी, रूठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा तथा दतिया स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, शयनयान तथा द्वितीय श्रेणी सीटिंग के डिब्बे होंगे।

4). ट्रेन सं. 02474/02473 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (12 फेरे)

ट्रेन सं. 02474 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक मंगलवार को 14.35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.25 बजे बीकानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 27अक्टूबर से 1 दिसम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में ट्रेन सं. 02473 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन बीकानेर से प्रत्येक सोमवार को 15.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में बोरीवली, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाड, अहमदाबाद, महेसाणा जं., ऊंझा, पालनपुर जं., आबू रोड, जवाई बांध, मारवाड़ जं., पाली मारवाड़, जोधपुर जं., मेड़ता रोड., नागौर तथा नोखा स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, शयनयान तथा द्वितीय श्रेणी सीटिंग के डिब्बे होंगे।

5). ट्रेन सं. 02490/02489 दादर-बीकानेर सुपरफास्ट विशेष (द्वि-साप्ताहिक) {24 फेरे}

ट्रेन सं. 02490 दादर-बीकानेर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन दादर से प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 14.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.10 बजे बीकानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में ट्रेन सं. 02489 बीकानेर-दादर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन बीकानेर से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को 13.40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 12.00 बजे दादर पहुँचेगी। यह ट्रेन 20 अक्टूबर से 28 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, महेसाणा जं., पाटन, भीलड़ी जं., रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरन, जालोर, मोकलसर, समदड़ी जं., जोधपुर जं. एवं नागौर स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, शयनयान तथा द्वितीय श्रेणी सीटिंग के डिब्बे होंगे।

6). ट्रेन सं. 04818/04817 बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी विशेष ट्रेन (द्वि-साप्ताहिक) {24 फेरे}

ट्रेन सं. 04818 बांद्रा टर्मिनस- भगत की कोठी विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार एवं सोमवार

को 13.05 बजे रवाना होकर अगले दिन 08.20 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार, वापसी यात्रा में ट्रेन सं. 04817 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन भगत की कोठी से प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 15.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 11.45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, अहमदाबाद, महेसाणा जं., पाटन, भीलड़ी जं., रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोडरन, जालोर, मोकलसर एवं समदड़ी स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, शयनयान तथा द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

7). ट्रेन सं. 02983/02984 इंदौर-जयपुर सुपरफास्ट विशेष (द्वि-साप्ताहिक) {24 फेरे}

ट्रेन सं. 02983 इंदौर-जयपुर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन इंदौर से प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को 22.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.20 बजे जयपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 24 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन सं. 02984 जयपुर-इंदौर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन जयपुर से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को 21.05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 07.10 बजे इंदौर पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., कोटा, सवाई माधोपुर एवं दुर्गापुर स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, शयनयान तथा द्वितीय श्रेणी सीटिंग के डिब्बे होंगे।

8). ट्रेन सं. 02939/02940 पुणे-जयपुर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (वाया वसई रोड) (द्वि-साप्ताहिक) (24 फेरे)

ट्रेन सं. 02939 पुणे-जयपुर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन पुणे से प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 15.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.40 बजे जयपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन सं. 02940 जयपुर-पुणे सुपरफास्ट विशेष ट्रेन जयपुर से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को 09.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.05 बजे पुणे पहुँचेगी। यह ट्रेन 20 अक्टूबर से 28 नवम्बर, 2020 तक चलेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में कल्याण जं., वसई रोड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, बनस्थली मंडी तथा दुर्गापुर स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, शयनयान एवं द्वितीय श्रेणी सीटिंग के डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 02989, 09707, 02490 एवं 04818 की बुकिंग 18 अक्टूबर, 2020 से खुलेगी। ट्रेन संख्या 04182 एवं 02983 की बुकिंग 19 अक्टूबर, 2020 से तथा 02474 की बुकिंग 20 अक्टूबर, 2020 से निर्धारित पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त सभी ट्रेनें पूरी तरह से आरक्षित ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

**